श्री श्याम-कुंज

द्वितीय पुष्प

श्री श्याम सागर

कलकत्ता-७०००७

दौलत पाय न कीजिए, सपने में अभिमान।
चंचल जल दिन चारि को, ठाऊँ न रहत निदान ॥

On the Second Anniversary
Of
SHREE SHYAM SAGAR
a

卐 श्री श्यामदेवाय नमः 卐

श्री श्याम कुँज

(द्वितीय पुष्प)

प्रकाशक एवं संग्रहकर्त्ता :—

श्री श्याम सागर

४५, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट,

(बांसतल्ला)

कलकत्ता-७०० ००७

फागण बदी १२ सम्बत् २०४१ | फरवरी १९८५ | मूल्य सप्रेम भेंट

वचना-मृत

मैं हूं श्री भगवान का, मेरे श्री भगवान।
अनुभव यह करते रहो, तज ममता अभिमान॥
प्रभु चरणों में सदा, पुनि-पुनि करो प्रणाम।
कहो तुम्हें भूलूं नहीं, मेरे प्रियतम श्याम॥
नाम राम का प्रथम लो, पिछे लो मुंह ग्रास।
ग्रास-ग्रास में राम कहो, देखो प्रभु को पास॥
दो माला जपना सदा, षोडश मन्त्र महान।
सब सन्तन का मत यही, करो प्रेम रस पान॥
हे प्रभु आनन्द दाता ज्ञान मुझको दीजिये।
शीघ्र सारे दुर्गणों को दूर हमसे कीजिये॥
लिजिये हमको शरण में हम सदाचारी बने।
ब्रह्मचारी धर्मरक्षक वीर व्रतधारी बने॥

ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः

श्री श्याम सागर

वर्तमान कार्यकारिणी

संस्थापक

श्री सीताराम धानुका

अध्यक्ष :

श्री नथमल चौधरी

उपाध्यक्ष :

श्री महेश कुमार धानुका

सचिव :

श्री सीताराम गोयनका

सह-सचिव :

श्री सुशील कुमार शर्मा

कोषाध्यक्ष :

श्री अरुण कुमार शर्मा

प्रचार सचिव :

श्री बसंन्त लाल साह

कार्यकारीणी सदस्य

श्री आत्माराम दादलीका
श्री रामनिरंजन लाटा
श्री विष्णुप्रसाद लडीया
श्री रामचन्द्र लोहिया
श्री किशन कुमार माधोपुरिया

उप समिती

संयोजक : नथमल चौधरी

सह संयोजक सुशिल कुमार शर्मा

भजन पुस्तिका सम्पादक सीताराम गोयनका, अरुण कुमार शर्मा

शृंगार सीताराम धानुका, सुशिल बावरी

किर्तन संचालक एवं व्यवस्था

विष्णु प्रसाद लडीया
रामगोपाल अग्रवाल
अरुण कुमार सिधानिया
श्याम बिहारी सुल्तानिया
रामनिरंजन लाटा
आत्माराम दादलीका
किशोर कुमार बगड़ीया
बाल किशोर साह
महेश कुमार धानुका
गुलझारी लाल बाजपेई
रामचन्द्र लोहिया
किशन माधोपुरिया
आन्नद पोद्दार

आजीवन सदस्य

(१) सीताराम धानुका
(२) नथमल चौधरी
(३) महेश कुमार धानुका
(४) सीताराम गोयनका
(५) सुशिल कुमार शर्मा
(६) अरुण कुमार शर्मा
(७) आत्माराम दादलीका
(८) विष्णु प्रसाद लडीया
(९) रामचन्द्र लोहिया
(१०) राम निरंजन लाटा
(११) किशन माधोपुरिया
(१२) वसन्तलाल साह
(१३) अरुण सिंघानिया
(१४) श्याम विहारी सुल्तानिया
(१५) रमेश कुमार शर्मा
(१६) रामगोपाल अग्रवाल
(१७) जगदीश प्रसाद शर्मा
(१८) किशोर कुमार बागड़िया
(१९) बाल किशोर शाह
(२०) श्याम सुन्दर जालान
(२१) राम अवतार जैन
(२२) ओमप्रकाश रंगवाला
(२३) शम्भु दयाल साह
(२४) प्रकाश चन्द मालपानी
(२५) नरेश कुमार सोन्थलीया
(२६) बनवारी लाल अग्रवाल
(२७) बी. बी. सिंह (एडवोकेट)
(२८) कन्हैया लाल अग्रवाल
(२९) विनोद कुमार चौधरी
(३०) रमेश कुमार धानुका
(३१) विनय कुमार सुल्तानिया
(३२) रासबल्लभ खेमका
(३३) अन्नतराम परसरामपुरीया
(३४) शम्भु दयाल मोदी
(३५) ओमप्रकाश सुरेका
(३६) बाबूलाल बंका
(३७) सुरेन्द्र कुमार चौधरी
(३८) पवन कुमार कानोडिया
(३९) ओम प्रकाश वल्लभ
(४०) महावीर प्रसाद अग्रवाल
(४१) रामा कान्त कानोरिया
(४२) कमल कुमार मिश्रा
(४३) अशोक कुमार सराफ
(४४) सुशिल कुमार बावरी
(४५) गुलझारी लाल बाजपेयई
(४६) आन्नद कुमार पोद्दार
(४७) कैलाश पटवारी

श्री श्याम चालीसा

श्री गुरु चरनन ध्यान धर, सुमिरि सच्चिदानन्द ।
श्याम चालीसा भणत हूँ, रच चौपाई छन्द ॥

श्याम २ भजि बारम्बारा, सहजहि हो भवसागर पारा ।
इन सम देव न दूजा कोई, दीनदयाल प्रभु दाता होई ॥
भीम सुपुत्र अहिल वति जाया, कहिं भीम का पौत्र कहाया ।
यह सब कथा कहि कल्पान्तर, तनिक न मानो इसमें अन्तर
बरबरीक विष्णु अवतारा, भक्तन हेतु मनुज तनु धारा ।
वासुदेब देवकी पियारे, जसुमति छैया नन्द दुलारे ॥
मधुसूदन गोपाल मुरारी, बृज किशोर गोवर्धन धारी ।
सियाराम श्रीहरि गोविन्दा, दीनदयाल श्री बालमुकुन्दा ॥
दामोदर रणछोड़ बिहारी, नाथ द्वारिकाधीश खरारो ।
नरहरि रूप प्रह्लाद पियारे, खंभ फाड़ हिरणाकुश मारा ॥
राधा बल्लभ रुक्मणि कथा, गोपीबल्लभ कंश हनन्ता ।
मनमोहन चितचोर कहाये, माखन चोरि चोरि के खाये ॥
मुरलीधर यदुपति घनश्यामा, कृष्ण पतित पावनाभिरामा ।
मायापति लक्ष्मीपति ईशा, पुरुपोत्तम केशव जगदीशा ॥
विश्वपते त्रिभुवन पशारा, दीन बन्धु भक्तन रखवारा ।
प्रभु का भेद कोई न पाया, शेष महेश थके मुनिराया ॥
नारद शारद ऋषि योगेश्वर, श्याम २ सब रटत निरन्तर ।
कवि कोविद करि सके गिनन्ता, नाम अपार अथाह अनन्ता ॥
हर सृष्टि हर युग में भाई, लीन अवतार भक्त सुखदाई ।
हृदय माही करि देख विचारा, श्याम भजे तो हो निस्तारा ॥

कीर पढ़ावत गणिका त्यारी, भीलनी की भक्ति बलिहारी ।
सती अहिल्या गौतम नारी, भई श्राप बस शिला दुखारी ।।
श्याम चरण रज में चित लाई, पहुंची पति लोक में जाई ।
अजामील अरु सदन कसाई, नाम प्रताप परम गति पाई ।।
जाको श्याम नाम आधारा, सुख लहहि दुख दूर हो सारा ।
श्याम सुलोचन है अति सुन्दर, मोर मुकुट सिर तन पीतांबर ।।
गल वैजन्ती माल सुहाई, छबि अनूप भक्तन मन भाई ।
श्याम २ सुमरहु दिन राती, श्याम दुपहरी और प्रभाती ।।
श्याम सारथी जिसके रथ के, रोड़े दूर हो उसके पथ के ।
श्याम भक्त न कहीं पर हारा, भोर परी तब श्याम पुकारा
रसना श्याम नाम रस पीले, जी ले श्याम नाम के हीले ।
संसारिक सुख भोग मिलेगा, अन्त श्याम सुख योग मिलेगा
श्याम प्रभू हैं तन के काले, मन के गोरे भोले भाले ।।
श्याम सन्त भक्तन हितकारी, रोग दोष अघ नाशे भारी।।
प्रेम सहित जो नाम पुकारा, क्षण में हो भव सागर पारा ।
खाटू में हैं मथुरा बासी, पार ब्रह्म पूरण अविनाशी ।।
सुधा तान भरी मुरली बजाई, दिल्ली प्रान्त जहां सुनि पाई ।
वृद्ध बाल जेते नारी नर, मुग्ध भये सुनि वंशी के स्वर ।।
हरबर कर पहुंचे सब जाई, खाटू में जहँ श्याम कन्हाई ।
जिसने श्याम स्वरुप निहारा, भव भय से पाया छुटकारा ।।

श्याम सलोने सांवरे, बर्बरीक तनुधार ।
इच्छा पूरण भक्त की, करो न लाओ बार ।।

खाटू मेले का महत्व

भगवान से सम्बन्धित उत्सवों को मेला कहा जाता है साधारणत; शुक्लपक्ष की प्रत्येक द्वादशी को यात्रीगण भगवान के दर्शनार्थ खाटू में एकत्र होकर विविध प्रकार के उत्सव मनाते हैं।

वर्ष में प्रमुख चार मेले होते हैं:—

(१) ज्येष्ठ शुक्ला द्वादशी

(२) भादवा शुक्ला द्वादशी

(३) कार्तिक शुक्ला द्वादशी

(४) फाल्गुन शुक्ला द्वादशी

परन्तु इन चारो मेलों में भी ऋतु अनूकुलता के कारण फाल्गून शुक्ला द्वादशी के मेले का सर्वोपरि महत्व है।

—:सूचना:—

(१) श्री श्याम सागर का कृष्ण-पक्ष और शुक्ल पक्ष की एकादशी का रात्रि कीर्तन श्री श्याम सागर के मार्यालय ४५ बाँसतल्ला स्ट्रीट कलकत्ता-७ में होता है।

(२) सभी श्याम बाबा के भक्त प्रेमियों से अनुरोध है कि जो भी श्रद्धालु भक्त अपने निवास स्थान पर कीर्तन करवाना चाहे वे मूंडली के कार्यालय से सम्पर्क करके अनुबन्ध करवा सकते हैं।

(३) सभी श्याम बाबा के भक्त प्रेमियों से विनती है कि कीर्त्तन में निरंतर दर्शन देकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

हम इनके आभरी हैं !

श्री देवकीनन्दनजी पोद्दार

श्री सत्यनारायणजी बजाज

श्री सरोज कुमार जी शर्मा

,, रामवतार जी जोजी

,, रामवतार जी जैन

,, ओमप्रकाश रंगवाला

,, ईश्वरी प्रसाद जी नाहौल

,, मैसर्स कोन्टीनेन्टल ट्रेडर्स

सन्मार्ग पत्रिका

दैनिक विश्वमित्र

नोट :—कृपया भजन पुस्तिका का दुरुपयोग न करें !

कृपया भूल सुधार कर पढ़े !

दो शब्द

बन्धूवर,

परमात्मा तत्व की प्राप्ति का अधिकार मनुष्य को मिला है, देवताओं को नहीं। राम चरित मानस में जब गरुड़ जी ने प्रश्न किया कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन-सा है? तो मनुष्य शरीर को सबसे दुर्लभ तथा श्रेष्ठ कहा गया है—'नृदेह माद्यं सुलभं सुदुर्लभम्' इसको दुर्लभ बताया है। मनुष्य को अपने उद्धार की चेष्टा करनी चाहिये। मनुष्य शरीर में आकर जो वास्तविक लाभ है, उसको नही लेता केवल ऐसे ही खाने-कमाने में लग जाता है, उसकी निन्दा की गई है। आप हम सभी विचार करें! हमें उस तत्व को प्राप्त करना है, जो इस मनुष्य शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है। दूसरे शरीरों से उसकी प्राप्ति नही हो सकती उसकी प्राप्ति कैसे हो? हमारा ध्येय, हयारा लक्ष्य परमात्म तत्व की प्राप्ति का होना चाहिए।

वास्ताव में परमात्म-तत्व कठिन नहीं है, क्योंकि संसार का कोई भी किञ्चन्मात्र भी ऐसा परमाणु नहीं है, जहां परमात्मा न हो। उस परमात्मा की प्राप्ति कठिन नहीं, सुगम है। कठिनाई यही है कि उसकी जोरदार इच्छा नहीं है। इसीलिये कलयुग में भजन-संकीर्तन तथा भक्ति से इस मार्ग को सुलभ करने की चेष्टा हमारी संस्था द्वारा प्रत्येक एकादशी को मंडल कार्यालय में तथा शनिवार रात्रि भक्तजनों के घर जाकर भजन-संकीर्तन करती है।

आपके हाथों में भजन पुस्तिका 'श्री श्याम कुंज' का द्वितीय पुष्प है, यह सभी श्याम भक्तों ने मिलकर प्रकाशित करवाया है। इसके अलावा संस्था इस चेष्टा में भी प्रयत्नशील है कि खाटू धाम में जमीन क्रय कर धर्मशाला का निर्माण करें, इस कार्य में काफी उन्नति हुई है। जिस जमीन का क्रय किया जा रहा है, उस जमीन पर फाल्गुन मेले पर भोजनालय का प्रबन्ध भी संस्था के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। हमें आशा है कि गत वर्ष की भांति अगर आप सभी बन्धुओं का सहयोग हमें मिलता रहा तो जल्द ही जमीन का कार्य पूर्ण होकर धर्मशाला निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा।

प्रस्तुत अंक के प्रकाशन में जिन महानुभावो भक्त प्रेमियों ने हमें अपना अमुल्य सहयोग दिया है, तथा तन, मन, धन एवं विज्ञापन दिया है हम उनके अभारी हैं।

सभी के प्रति आभार

सचीव

सीताराम गोयनका

विषय सूची

॥ श्री ॥

भजन—१

श्री गणेशाय नमः

गणेश वन्दना

जयति गजानन्द गणपते, गणनायक महाराज।
प्रथमहिं सुमिरूँ नाम को, सिद्ध करो सब काज॥
आओ आओ जी थे पारवती का लाल—
गजानन्द थारो ध्यान धरूँ।
थे आज्यो रिध सिध न ल्याज्यो भूल न जाज्यो आज।
सबसे पहले सुमरा थान सिद्ध करो सब काज
आवो आवो जी भक्ता रा प्रतिपाल
थारा ही गुण गान करूँ॥१॥

पिता तुम्हारो महादेव मां पारबती का प्यारा।
थे म्हारा नैणा री ज्योति थासु जग उजियारा॥
सब संकट दिज्यो टाल, थारो ही सम्मान करूँ॥२॥

सुंड सुंडाला दूंद दूंदाला, कर में फरसो भारी।
गल वैजन्ती माला सोहे मुषे की असवारी॥
थारो सुन्दर रूप विशाल काई तो बखान करूँ॥३॥

ना जाणु करनी कविताई ना जाणु मैं छन्द।
गजानन्द थारी कृपासुं गावे ताराचन्द॥
म्हारो कारज लिज्यो सम्भाल चरण रज पान करूँ॥४॥

भजन—२

श्री गणेश वन्दना

आज म्हारे आँगणिये मैं, गौरी पुत्र आया जी।
गौरी पुत्र आया जी भक्ता रे मनड़े भाया जी ॥ टेर ॥

कमर तागड़ी पगां पैजणी, हाथ झूंझनियों ल्यायाजी,
नैणां में काजलियो थारे, माथे चाँद मंडाया जी ॥ आज ॥
पहर जरी को झुगलो, चोटी रेशम फूल गुंथाया जी,
ठुमक-ठुमक पग धरै है गणपत, बोलै है, तुतलाया जी ॥ आज ॥
चौकी पर सिंहासन जाँपर, सुन्दर वस्त्र बिछाया जी,
चरण धोय चरणामृत लीन्यो, शिवनन्दन बैठाया जी ॥ आज ॥
अक्षत चन्दन धूप दीप कर, पुष्पहार पहराया जी,
भोग लगावण एक थालभर, लाडूड़ा मंगवाया जी ॥ आज ॥
लाडू देख विनायक जी को, मनड़ो घणो हरसाया जी,
उठा-उठाकर खावे गणपत, रुचि-रुचि भोग लगायाजी ॥ आज ॥
देख छटा श्री गणपत जी की, मन म्हारो ललचायाजी,
नजर न लागै लम्बोदर क, राई लूण कराया जी ॥ आज ॥
विघ्न निवारण, मंगल कारण, रिद्धि सिद्धि संग में ल्यायाजी।
'श्याम सागर' श्रीगणपतजीका प्रेम से लाड लडायाजी ॥ आज ॥

✰

ईश्वर का भजन ही जीवन का भोजन है।

भजन—३

(तर्ज—प्रेम गीत)

गुरुदेव मेरे तुम हो, मुझे शरण में ले लो ना।
संकट को मिटा करके, दास अपना बना लो ना॥

अन्तरा

बीच भवंर में पड़ी, मेरी नाव पुरानी है।
या डगमग डोल रही, गुरु तुम को निभानी है॥
अनगिनत निभाई हो, मेरी भी निभा दो ना ॥१॥ गुरुदेव॥

लहरों में फँस गया हूँ, सुझे ना किनारा है।
आकर के बचालो गुरु, इक तेरा सहारा है॥
देकर के सहारा मुझे, भव-पार लगा दो ना ॥२॥ गुरुदेव॥

करुणा के सागर हो, करुणा बरसाओ तुम।
दीनों के दयालु हो, सत्मार्ग दिखाओ तुम॥
भटके हुये राही की पतवार सम्भालो ना ॥३॥ गुरुदेव॥

मेरी जीवन नैया को, तुम्हे अर्पण करता हूँ।
गुरुदेव तेरे दर पर, नित शीश झुकाता हूँ॥
'बसन्त' की अरजी पे, चमत्कार दिखा दोना ॥५॥ गुरुदेव॥

चित शुद्ध करके भक्ति-भाव से भगवान का गीत गाओ

भजन—४

॥ श्री हनुमत देवाय नमः ॥

अजंनी को लाल निरालों रे···अजंनी को ॥ टेर ॥

ऐसो तो निरालो बाबो ओर-नहीं देख्यो
देख्यो एक हठीलो रे—अजंनी को
घुंघरू बांध बाबो छमछम नाचे,
लाल लंगोटें बालो रे—अजंनी को
नाचत - नाचत भयो मतवालों,
वालो घोटा वालो रे—अजंनी को,
रोम रोम में राम रमैंयों
राम नाम मतवालो रे—अजंनी को
भीड़ पड़या यी दौड़्यो-२ आवे
भगतां को रखवालो रे—अजंनी को
भगतां आब था सूं अर्जी लगाव
आशा पूरः म्हारी रे—अजंनी को
'रामवतार राम भज प्यारे'
भजलो बजरंग वालो रे—अजंनी को

ईश्वर से डरना भाग्यशाली बनने का का लक्षण हैं

भजन—५

॥ तर्ज—बैठयो खाटू में ॥

श्री हनुमान वन्दना

बैठयो सालासर लगाकर दरबार—अंजनी लालो राज करे
यो तो कर देव भक्तां का बेड़ा पार—जो इकी शरण आय पड़े

अन्तरा

अंजनी मां का लाल कहावो—लाल लँगोटे वाला
काना में थारे कुन्डल चमके गल फूलों की माला
घोटो ल्या जी थे पवन कुमार..........अंजनी !

भीड़ पड़या थानैं भगत बुलाव दौड़या-दौड़या आवो
भगता का दुख पल में मिटाकर बानै गले लगावो
थे तो भगत का बड़ा ही रखवार..........अंजनी !

गली-गली में और घर-घर में ध्यावे नर और नारी
म्हे भी थारे दर पे आया सुनके महिमा भारी
म्हारी नैया की सम्भालो पतवार.........अंजनी !

पेड़ा श्री फल भोग लगावा-घृत सिन्दुर चढावा
सवा रुपयो भेट चढाकर-थारी रात जगावा
देवां जात जडुला म्हे थारे द्वार.........अजंनी !

बाबा थारी महिमा को—कोई न पायो अन्त
पवन पियारा थारी कृपा से गावे है 'वसन्त'
थे तो 'श्याम सागर' को कर दिज्यो उद्धार......अजंनी !

—०—

"कस्मै देवाय हविषा विधेम" ?

★

भजन—६

श्री शिव वन्दना

(तर्ज—सीसे से पी या......फूल और पत्थर)

घोट के पी या छाने हुए पी
या अपने भक्तों के हाथों से पी
पर पीले भोले खुशी से पीले भोले। पर......

बूंटी ये प्रेम से बनाई है पर्वत कैलास से मँगाई है,
प्रेम से पीले आजा, तीन लोकों के राजा,
भक्तों ने प्रेम से छनाई है...घोट के।

संग में मैया जो ना आयेगी बुंटी अधूरी रह जायेगी
संग में लाना चाहिए, दरश दिखलाना चाहिए।
शोभा हमारी बढ जायेगी । घोट के···।

भंगिया भोले जो चढ़ाओगे, मस्ती में चूर हो जाओगे,
झूमोगे नाचोगे तुम, डमरू बजाओगे तुम,
भक्तों के संग रम जाओगे···। घोट के···।

'कमल किशोर' भजन गाता है, चरणों में शीश नवाता है
नाव भवंर में मेरी, आगे है मर्जी तेरी,
पार लगाना तुझको आता है···। घोट के···।

भक्त का हृदय भगवान की बैठक है

गरल सुधा रिपु करेहि मिताई
गोपद सिन्धु अनिल सितलाई

●

शुभकामनाओं के साथ :—

श्याम स्टोर

२०४, चितरंजन एवेन्यू, कलकत्ता-७

हाथ से कुटे उच्चकोटि के मसाले तथा शुद्ध खाद्य सामग्री के विक्रेता

भजन—७

॥ श्री दुर्गाय नमः ॥

तर्ज : हे गिरधारी...........

जय जगदम्बे, जय मां अम्बे, आया तेरे द्वार
लाज मेरी रख लेना।

रख लेना मां रख लेना, मेरी लाज अब रख लेना
जय काली कलकत्तेवाली, होज्या सिंह असवार
लाज मेरी रख.......

कामरूप में कामक्ष्या कलकत्ते में काली तूं
बम्बई में मम्बा देवी मैया झुन्झुनूँवाली तू
दूर दूर से आवे यात्री, करते जय जयकार
लाज मेरी रख.......

चण्डीगढ़ में मां चण्डी जामनगर में है ज्वाला
ब्रह्माणी रुद्राणी तूँ घर-घर तेरा उजियाला
खड्ग खप्र तेरे कर में सोहे, मन्दिर है गुलजार
लाज मेरी रख .....

अम्बाला में मां अम्बे देवी में दुर्गा मैया
तारा अष्ट भुंजावाली पार करो मेरी नैया
मात भवानी देखो कानी, सुनले करुण पुकार
लाज मेरी रख.......

गिरजा गौरी अन्नपूर्णा क्या क्या तुमको बतलाऊँ
रसना में वासा किज्यो आदिशक्ति तेरा गुण गाऊँ
कह "आलू सिंह" श्री चरणां में सौंप दई पतवार
लाज मेरी रख.......

विधा के समान संसार में कोई नैत्र नहीं है

असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतंगमय।

☆

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ :—

जय

श्री

श्याम

भजन—८

(बावली आँख्या)

दोहा—दाता थे दातार हो, सुख का हो भंडार ।
लज्जा मेरो राख्यो; हो लीले असवार ।।

थां बिन म्हारी आँख्या हो गई बावली ।
ई टाबर के मन में बस गई सूरत थारी साँवली ।।टेर।।

हिवड़ो म्हारो सुनो डोलै डग मग झोला खावै है ।
आँखड़ल्या विरहा की मारी आँसुड़ा ढलकावै है।।
कैहा चलसी थां विन म्हारी गाड़ली ।। ई टाबर ।।

मीरा पर कृपा कीनी थी, सुणबा आया बातड़ली ।
दास थारो यो आश लगायां, खड़्यो उड़िके बाटड़ली ।।
प्रेम जाम से भरदे, म्हारी बाटली ।। ई टाबड़ ।।

पहल्यां प्रीत लगा करके तूं क्यूं छोड़े मझधारजी ।
प्रेम भाव को पाठ पढ़ाकर मतबिसरे दिलदारजी ।
मन में रम गई सूरत थारी, साँवली ।। ई टाबर ।।

थे छोड़ो पण मैं नहीं छोड़ूँ, मैं तो थारो दास जी ।
खाटू के घनश्याम मुरारी, मैं तो थारो दास जी ।
'आलूसिंह' की थां बिन आँख्या बावली ।। ई टाबर ।।

लोक में सत्य ही ईश्वर है । धर्मसदा सत्य में ही रहता है ।

'अहमिन्द्रो न पराजिग्ये'

भजन—९

(तर्ज—घर आंया मेरा परदेसी)

दोहा: नीलो घोडो नो लखो-मोत्या जड़ी लगाम
खाटू के सरदार को-झुक-झुक करा प्रणाम ॥

आवोजी म्हारा वनवारी-मोर मुकुट मुरलीधारी...आवोजी

अहलवती का लाला हैं
खाटू में रहने वाला हैं
:भगतों के संकट हारी, आवोजी म्हारा वनबारी ॥

कीर्तन मांही आजा रे
मीठी मुरली सुना ज्या रे
:आश लगा राखी भारी, आवोजी म्हारा वनवारी ॥

अब नहीं प्रभु मोहे विसराना
चरणों से मत ठुकराना
:भगत जनो के हितकारी, आवोजी म्हारा बनवारी ॥

मेरे नैनो का तारा हैं
भगतों का प्राण पियारा है
अरज़ी सुनल्यो थे म्हारी, आवोजी म्हारा बनवारी ॥

"बसन्त" तेरे गुण गायेगा
चरणों में शीश नवायेगा
"श्याम सागर" जाये बलिहारी आवोजी म्हारा बनवारी ॥

आप तेजः स्वरूप है, मुझमें तेज स्थापित कीजीए

भजन—१०

दोहा : आवो म्हारा श्याम घणी भगता कर रया ॥ टेर ॥
हिवड़े में धीरज नहीं ज्यों ज्यों कर रया देर ॥

मत घबड़ा नादान श्याम तेरा आयेगा
आयेगा वो आयेगा हो लीले असवार श्याम तेरा आयेगा ॥टेर॥
जब भी पुकारा वह दौड़ा-दौड़ा आया,
भक्तों का दुख पल में मिटाया
ये निश्चय कर जान, दुख टल जायेगा ॥ टेर ॥
ये दुनिया है गोरख धन्धा, मत होव माया में अन्धा
सोच समझ अज्ञान फेर पछतायेगा ॥ टेर ॥
साचे मन से जो कोई ध्यावे, मन इच्छा फल तुरंत ही पावे
निश्चय हो कल्याण अमर पद पायेगा ॥ टेर ॥
आवो गावा सब मिल करके मोहिनी मुरत चित में धरके
बाबा का करां गुणगाण वो दरस दिखलायेगा ॥ टेर ॥
"श्याम 'सागर' की अटकी नैया-थाने उडीका आज्या कन्हैया
म्हाने यो विश्वास, पार तू लगायेगा ।

संसार में बने रहो पर हरि को न भुलो

काम आदि मद दंभ न जाके।
तात निरन्तर बस मै ताके।।

भजन—११

(तर्ज—रंग बसन्ती आ गया, मस्ताना……)

श्याम मुरारी, गिरवर धारी, वृन्दावन में आ गया,
मस्ताना मौसम छा गया।
रंग है इसका नीला-नीला, गले पिताम्बर पीला-पीला,
सब देवों में है रंगीला; श्याम मुरारी ॥ टेर ॥
सारी सखियां मङ्गल गावे, नन्दलाला को सभी झुलावे,
फूल भी खिल के महक उड़ावे, देवता गण भी शीश झुकावे,
शंकर भोले दर्श को आये, मात यशोदा उन्हें भगाये
भाग जा जोगी, ओ ऽऽऽऽऽ
देख के तेरा रूप निराला, नाग गले डाले हैं काला,
डर जायेगा ये नन्दलाला, श्याम मुरारी,
श्याम मुरारी गिरवर… … … … ॥ १ ॥
की मोहन ने माखन चोरी, करे शिकायत राधा गौरी,
हाथ में बांधी माँ ने डोरी, फिर भी कभी करेगा चोरी,
राधा खड़ी-खड़ी मुस्काए, हरि के मन को और ललचाये,
वाह री राधा ओ ऽऽऽऽऽ
हरि ने ऐसा रास रचाया, उसके मन को और सताया,
जा कर उसके ही मन भाया, श्याम मुरारी,
श्याम मुरारी, गिरवर धारी… … … … ॥ २ ॥

★

जो सुखी होना चाहे, वह तृष्णा को त्याग दे

रात गँवायो सोय कर, दिवस गँवायो खाय।
हीरा जनम अमोल था, कौड़ी बदले जाय।

भजन—१२

कूदे जमुना में कन्हैया, लेके मुरली ॥ टेर ॥

कूद पड़े बनवारी जल में, ग्वाले रोये सारे,
कुछ तो ग्वाले घर को भागे, यशोदा जाय पुकारे।
जल में कूद्यो तेरो छैला, लेके मुरली ॥

रोवत रोवत यशोदा मैया, जमुना तट पर आई,
मुझे छोड़कर कहाँ चले हो, छोटे कृष्ण कन्हाई।
ठाढो रोवे तेरी मैया, ले के मुरली ॥

कृष्ण गये पाताल लोक, वहाँ नागिन बैठी पाई,
सोया नाग जगा दे नागिन बोले कृष्ण कन्हाई।
गेंद दे देरी नागिनियाँ, ले के मुरली ॥

इतनी सुनके नागिन ने, झट नाग को दिया जगाय,
लगी फुफकार बदन भयो कारो, लिपट शीश के जाय।
काले पड़ गये कृष्ण कन्हैया, लेके मुरली ॥

थोड़ा थोड़ा करके प्रभु ने, अपना बदन पसारा,
चरण पकड़ कर नागिन बोली, छोड़ो पति हमारा।
"राजू" कहते नाग नथैया लेके मुरारी ॥

—०—

दुखियों के प्रति मैत्री की भावना रखो

भजन—१३

॥ महामन्त्र ॥

ॐ श्री श्याम देवाय नमः ॐ श्री श्याम देवाय नमः
महामन्त्र का जाप करो, अपने मन को साफ करो।ॐ।

अन्तरा

महामन्त्र की कर भक्ती, तुझको मिल जाए शक्ति,
आत्मबल बढ़ जाएगा, इससे सरल नहीं युक्ती,
सबको बताओ आप करो, महामन्त्र का जाप करो।ॐ।
जब आत्म बल बढ़ जाये, सुख दुःख की चिन्ता-छूटे
मोह माया सब मिट जाये, सच्चा सुख फिर तूं लूटे,
प्रभु से तभी मिलाप करो, महामन्त्र का जाप करो…
जीवन नैया गर भटके, काम यदि तेरा अटके,
इसी मन्त्र की कर रटना, मिट जाये सारे खटके,
प्रभु सब के संताप हरो, महामन्त्र का जाप करो…
ऋषी मुनी भी गाते हैं, इससे सब कुछ पाते हैं,
जो गाये सो पायेगा, अनबोले रह जाते हैं,
मौका है जी जाप करो, महामन्त्र का जाप करो…
महामन्त्र कल्याणी है, वर देता बरदानी है,
सर्व शक्ती का पुञ्ज है ये, सबने बात ये मानो है,
स्वर में यही अलाप करो 'श्याम सुन्दर संग जाप करो
………ॐ

☆

"आलस्य भी एक प्रकार की हिसा है"

उलटा नाम जपत जग जाना।
बालमीकी भए ब्रह्म समाना॥

भजन—१४

(तर्ज—रेशमी सलवार……)

श्याम पीछा छोड़ राधा रानी का, काहे ढुंढ़े रास्ता राजधानी का।
राधाः मै जब-जब घर से निकलू, मोहे खडो मिले सांवरिया ॥
मटकी मोरी छीने, दधि दे जा री वृज नारियां।
राज बनवारी का…श्याम…

कृष्णः राधेजी तुम्हारा मटका, मेरे दिल को दे गया झटका,
तूं चल गई बरसाने, मैं डोला भटका—भटका,
रूप वृजनारी का…श्याम…

राधाः प्यारा मैं मथुरा की ग्वालिन, और तूं गोकुल का ग्वाला,
प्यारा मेल मिलेगा कैसै, अजो मैं गोरी तूं काला;
छैल नन्दरानी का…श्याम…

कानो में तेरे सोहे कुण्डल, गल में वैजन्ती माला,
छाती में ठाकुर के एक हीरा चमके आला,
राज बनवारी का…श्याम…

卐

"ब्रम्हचर्य दुर्गति को नष्ट कर देता है"

भगति हीन गुन सब सुख ऐसे।
लवन बिना बहु विजन जैसे॥

दाता थे दातार हो, सुख का हो भण्डार।
लज्जा मेरी राखियो, हो लीले असवार॥

भजन—१५

(तर्ज—वारी जाऊ चिरमीन)

लीलों घोड़ो नवलखो ज्यारी मोत्या जड़ी रे लगाम,
वारी जाऊ लीलेन।......
रूमझूम बाजे घुघरा घौड़लियाँ रा बाजे पोड़,। बारी जाऊँ...
माँ ऐलवती रा लाड़ला थे तो भीमसेन का लाल। बारी जाऊँ
श्यामधनी म्हारा आप चढ़या वेतो हो लीले असवार। बारी...
रामा श्यामा आव जो कोई कलियुग माहो करूड़। बारी जाऊँ
दूर देशों से आवेरे यात्री कोई ध्यावे सफल समाज। बारी-जाऊँ
'श्याम सागर' संग अणतु बोले थे तो सुणज्यो लखदातार। बारी

भजन—१६

श्याम पिया मोरी रँगदे चुनरिया,
कृष्ण पिया मोरी रँगदे चुनरिया, श्याम पिया ओ ऽऽ
ऐसो रँगदे, रंग नहीं छूटे ओ ऽऽ
धोबिया धोये चाहे सारी उमरियां॥ श्याम०
लाल न ओढूँ, पीली न ओढूं, ऽऽ
मैं तो ओढूं श्याम काली कमलिया॥ श्याम०
गागर भर दे, सिर पर रख दे, ओ ऽऽ
चल के बता दे श्याम तोरी नगरिया॥ श्याम०
बिना रंगाये, घर नहीं जाऊँ, ओ ऽऽऽ
बीत जाये चाहे सारी उमरिया॥ श्याम०
मीरा के प्रभु गिरधर नागर ओ ऽऽ
श्याम चरणा में मोरी लागी नजरिया॥ श्याम०

★

भजन—१७

(तर्ज रसिया)

ग्वालन करदे मोल दही को माखन, मुझको नेक चखाय।

सुन गोरी बरसाने वारी
नेक चखादे माखन प्यारी
आज मानले बात हमारी

मटकी को दरसन करवायदे, क्यों राखी दुबकाय ।।

नहीं दे आज समझले मन में
कोई दिन हाथ पड़ेगी वन में
सारी कसर निकारुँ छिन में

लुकुटि मार फोड देऊँ मटकी-लेऊँ दान चुकाय ।।

सोच समझ ले नहीं हो धोका
जिस दिन लग गया मेरा मोका
दधि तेरा विक वाय देऊँ चोखा

चोरी करूँ आज तेरे घर में-पहले देऊँ बताय ।।

पनघट पर भरने जाय पानी
मोय तेरी गागर लुढ़कानी
यही हमारी प्रीत पुरानी

अबहूँ समझ श्याम समझावे - फिर पाछे पछताय ।।

असंतोष पराजय का दूसरा नाम है,...

रहिमन रहिला की भली, जो परसै चित लाय।
परसत मन मैला करे, सो मैदा जरि जाय॥

भजन—१८

(तर्ज मारवाड़ी)

म्हे तो दोड़्या दौड़्या आया जी बाबा जी थारे कीर्तन में-
कीर्तन में थारे दर्शन ने ॥ म्हे तो ॥

घणा दिना सेचाव थो म्हारेः
कद आस्या दरबार में थारे
आज होग्या मन का चाया जी बाबा जी थारे कीर्तन में

धन्य घड़ी धन्य भाग्य म्हारो
आज करा बाबा कीर्तन थारो
आज आनन्द छाया जी बाबा जी थारे कीर्तन में

सब मिलकर थारा गुण गावा
नांचा गावा भजन सुनावा
होगी सफल या काया जी बाबाजी थारे कीर्तन में

बाबा म्हाने दर्शन दिज्यो
अपना जाना शरण में लिज्यो
"ताराचन्द" गुण गाया जी बाबा जी थारे कीर्तन में

वाणी के सही ढ़ंग का उपयोग उन्नति का साधन बनता है !

भजन—१६

कुण जाणे या माया श्याम की अजब निराली रे।
त्रिलोकी को नाथ जाट को बन गयो हाली रें।
सौ बीधा को खेत जाट के श्याम भरोसे खेती रे॥
बिना बाड़ को खेत जाट को श्याम रखाली रे॥ त्रिलोकी····

भूरी भैंस चिमकणी जाट क दो छैली दो नारा रे।
बिना बाड़ को बाड़ो जिम बान्ध न्यारा न्यारा रे।
आव चोर जद ऊभो दीखे काढे गाली रे॥ त्रिलोकी···

जाट जाटनो निर्भय सोवे, सोवे, छोरा छोरी रे।
श्याम धणी पहरां के ऊपर, कैया होवे चोरी रे।
चोर लगावे नित की चक्कर जावे खाली रे॥ त्रिलोकी···

बाजरा की रोटी खावे ऊपर घी को लचको रे।
पालक की तरकारी सागे भर मुली को बटको रे।
छाछ राबड़ी को कर कलेवो भर-भर थाली रे॥ त्रिलोकी···

धन्ना जटा को छपरो छायो लछमी बन्ध खिचायो रे।
चेजारो वन चिणवा लाग्यो हाथा गारो गायो रे
बना दिया घर जड़वा तालो देग्यो ताली रे॥ त्रिलोकी···

सोहनलाल लोहाकार कहे यो घर भक्ता के आवे रे।
घावलिया के ओठ बैठ के श्याम खिचड़ो खावे रे।
भक्तां के सांग नाच कुद दे दे ताली रे॥ त्रिलोकी···

"धर्म एकांकी नहीं पूर्ण होता है"

भजन—२०

(तर्ज—हमतुम चोरी से)

राधीका गोरी से बृज की छोरी से, मैया करादे मेरो व्याह,
बन्धें बन्धन के प्यार में राधीका ॥

जो नहीं व्याह करायें तोरी गैया नाही चराऊँ।
आज के बाद मोरी मैया, तोरी देहली पर न जाऊँ।
आयेगा—रे मजा—रे मजा अब जीत हार का''' ॥राधीका॥

चन्दन की चौकी पर, मैया तुझको बिठाऊँ।
अपनी राधीका से में चरणा तोरे दबवाऊँ।
भोजन बनवाऊँगा-२ मैं छत्तीस प्रकार के'''''' ॥राधीका॥

छोटी सी दुलहनीयाँ तोरे अंगना में डोलेगी।
तेरे सामने मैंया वो घुंघट ना खोलेगी।
दाऊ से जा कहो-२ बैठेंगें द्वार पें''''' ॥राधिका॥

सुन बाते लाला की, मैया बैठी मुसकायें।
लैके बलैया मैया अपने हृदय से लगायें,
नजर कही लग ना जाये-२ मेरें नन्दलाल को''' ॥राधिका॥

"एकान्त मूर्ख के लिये बन्दी गृह है और ज्ञानी के लिये स्वर्ग"

रहिमन विद्या बुद्धि नहिं, नहीं धरम जस दान ।
जनम वृथा भूपर धरेउ, पसु बिन पूंछ विधान ।।

◆

भजन—२१

भक्तो चलके एक बार, करल्यो श्याम से पुकार
बाबा दुखड़े मिटायेंगे,
आयेंगे बाबा, दौड़े दौड़े आयेंगें ॥ टेर ॥

सच्चे मन से करो वन्दना, बाबा की जय बोलो
बाबा के दर पे जा करके, मन के दुखड़े खोलो
खाटू वालो है दातार, पल मे भर देव भण्डार
बिगड़ी, बात बनायेंगे—आयेंगे…

पग-पग पे है रक्षा करता, जीवन नांव संम्भाले
भजन भाव से जो कोई ध्यावे, दर से कभी न टाले
बाबा सबका मददगार, लेवे संकट से उबार
लज्जा, आके बचायेगें…आयेगे……

खाटूवाला खुश हो "राजू" जब करूणा बरसावे
देने वाला नजर न आवे पर झोली भरझावे
देखो श्याम का चमत्कार, हुवा धर-घर में प्रचार
मानो, सब में समायेगें…आयेगे…

॥ विवाह एक दुस्साहसिक कदम है ॥

हरि हर निंदा सुनई जो काना।
होइ पाप गोघात समाना॥

★

"श्री श्याम सागर" के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर
हमारी हार्दिक शुभकामनाएँ

भजन—२२

(तर्ज—मझ जोबन में नाव डुबती)

मोह माया के जाल में फँसकर कुछ भी ना पावोगा,

ले बावा को नाम कि भव से पल में तर जावोगा।

धन दौलत यह महल मालिया, साग कुछ ना जासी,

मुट्ठी बाँहया आयो, रे बंदा, हाथ पसारया जासी-२ ॥ २ ॥

तेरी मेरी करतां सारो, व्यर्था जनम गँवायो,

अंत समय में कुछ तो करले, काल सिराहन आयो-२ ॥ २॥

के सोचे है मिनख जमारो, बार-वार ना पासी,

धरम करम की पूँजी लेले, याही आड़ी आसी-२ ॥ ३ ॥

सत के आगे ब्रह्मा बिष्णु, शिव भी झुकता आया,

ऋषी मुनी जप तप कर हारया, पार कोई ना पाया-२॥ ४ ॥

श्री चरणां में बस है गंगा, श्री चरणां में काशी,

खाटू मथुरा बृन्दावन, सब, श्री चरणां में पासी-२ ॥ ५ ॥

बाबो म्हारो बड़ो है भोळो, पल में खुश हो जावे,

भक्त कर जब याद बाबा ने, दौड़यो-दौड़यो आव-२ ॥ ६ ॥

✡

"चरित्र संगति में और बुद्धि एकान्त में विकसित" होती है"

नारि सुभाउ सत्य सब कहहीं।
अवगुण आठ सदा उर रहहीं ॥

भजन—२३

(तर्जः—सपने सुहाने लड़कपन)

स्थायीः—

नैना है, प्यासे दरश को तेरे,
दरशन देदो तूं श्याय कृपा करके ॥ टेर ॥

अन्तराः—

प्रभु तुम हो अन्तरयामी, मैं मूरख खल और कामी ।
नहीं याद तेरी हैं आती, माया दिल से नहीं जाती,
माया दिल से नहीं जाती,
आया हूँ दर ठोकरे खाके ॥ १ ॥ दरशन..........

ये झूठे जग के नाते, जाने फिर भी अन जाने,
यह भेद समझ ना पाते, ये कैसे रिस्ते नाते;
ये कैसे रिस्ते नाते,

अब तूंही बना दे, दया, करके ॥ २ ॥ दरशन........
तुम स्वामी हो मैं सेवक, तुम महाबली मैं निर्बल
तुम दीपक हो मैं वाती, तुम अविनासी मैं नासी
तुम अविनाशी मैं नासी,
सम्भालो, तूं चाहे खपा होके ॥ ३ ॥ दरशन........

—:o:—

कोटि परम लागे रहैं, एक क्रोध की लार।
किया कराया सब गया, जब आया हंकार ।।

★

भजन—२४

मेरी पत राखो गिरधारी, मैं दुखिया शरण तिहारी रे ।।मेरी।।
छोड़ तुम्हारा द्वार प्रभु मैं जिसके द्वारे जाऊँ।
तुम बिन मेरी कौन खबर ले किसकी आश लगाऊँ।
अब बोलो कृष्ण मुरारी रे ।। मेरी ।।

देख हमारी बीच भँवर में डूब रही है नैया
चारों तरफ है घोर अंधेरा कोई नहीं है खेवैया,
मुझे शक्ति दो गिरधारी रे ।। मेरी ।।

श्याम दिवानी मीरा पी गई हंसकर विष का प्याला।
श्याम ने अपनी कृपा कौर से बिष अमृत कर डाला।
अब दुःख हरो दुःख हारी रे ।। मेरी ।।

दुःखी होय प्रहलाद पुकारयो लाज रखी गिरधारी।
मैं पापी भी तुझे पुकारूँ सुनते क्यो न मुरारी।
अब सुनलो अर्ज हमारी रे ।। मेरी ।।

चीर हरण की कठिन घड़ी में द्रोपदी नीर बहायी।
चीर बढाकर तुमने श्याम, उसकी लाज बचायी।
मेरी पीर सुनो बनवारी रे ।। मेरी ।।

भीड़ पड़ी तब गज ने पुकारा रक्षा कीन्ही बिहारी।
नरसी पर जब बिपदा आयी भात भरयो बनवारी ।।
अब आज्यो कृष्ण मुरारी रे ।। मेरी ।।

"मानव के लिये क्रूरतम अभिशाप है पराधीन रहना"

भजन—२५

श्याम आँचल मेरा छोड़ दो इस घड़ी,

पांव जमना में मेरा फिसल जायेगा।
लाज तुमको तो आती नहीं सांवरे,
देख लेगा कोई राज खुल जायेगा॥ श्याम॥

छेड़ने से कभी क्या समझते हो तुम,
दिल किसी का कन्हैया वहल जायेगा।
भीग जायेगी चोली वो सारी मेरी,
पानी गागर का गरचे उछल जायेगा॥ श्याम॥

लौट घर को गईं संग की गोपियाँ,
राह में दिन मुझे श्याम ढल जायेगा।
खानी मैया से झिरकी पड़ेगी मुझे,
तेरा क्या तूँ तो छल के निकल जायेगा॥ श्याम॥

नाम तेरा अवारों में है साँवरे,
तूँ तो किसी वक्त जाने मचल जायेगा।
प्रीत की रीत जाने क्या तूँ सांवरां,
क्या भरोसा तेरा है वदल जायेगा॥ श्याम॥

बाँसुरी इतनी तोखी बजाओ ना,
नहीं तो पहलू से कलेजा निकल जायेगा।
"श्यान बहादुर" कहे अब तो चलते बनो,
वर्ना दिलवर मेरा दिल पिंघल जायेगा॥ श्याम॥

भय ही पतन और पाप का निश्चित कारण है।

भजन—२६

आनन्द लूट रहा है—मोहन तेरी गली में
भक्तों का जमघटा है—मोहन तेरी गली में
देवो का सर झुका है—मोहन तेरी गली में
और क्या बताऊँ क्या है—मोहन तेरी गली में
बैकुण्ठ बस रहा है—मोहन तेरी गली में ॥ १ ॥

द्विजवर सुदामा जैसे, कंगाल हो चुके थे,
अन धन और वस्त्र के, उपवास हो चुके थे,
तेरी शरण लिये से, धनवान हो चुके थे,
होकर प्रसन्न मन में, अपने यूं कह रहे थे,
दौलत का द्वार खुला है—मोहन तेरी गली में ॥ २ ॥

वेश्या का शब्द सुनके, पड़ित ने घर को छोड़ा,
आँखों का दोष पाया, उनसे भी नाता तोड़ा,
दो लेके गर्म सुले आँखों को अपनी फोड़ा,
बन के सुरदास बोले, क्या खुब रिश्ता जोड़ा,
अन्धा भी आ गया है—मोहन तेरी गली में ॥ ३ ॥

गज ग्राह जल के अन्दर, लड़ने लगे लड़ाई,
गज हार गया बाजी, जान पे बन आई,
मोहन को दी दुहाई, आकर हुये सहाई,
बाहर निकल के बोला, धन्य है तेरी प्रभुताई,
क्या वार लग रहा है—मोहन तेरी गली में ॥ ४ ॥

"उत्साही पुरुष बड़े से बड़े कार्यों में दुःखित नही होते"

भजन—२७

दो एकम दो, दो दुनी चार,
प्रेम से बोलो, खाटू वाले की जयकार ॥टेर॥
दो तिये छः, दो चौके आठ,
खाटू वाले बाबा के देखो ठाठ वाठ ॥१॥
दो पाँन्चे दस, दो छन्क बारह,
ये जीवन फिर बन्दे मीलेगा ना दोबारा ॥२॥
दो साते चौदह, दो आठे सोलह,
प्रेम से बोलो जो इक बार भी ना बोल्या ॥३॥
दो नवां अठारह, दो धाई बीस,
'श्याम सागर' के भक्तो लागे ना कोई फीस ॥४॥

भजन—२८

मैं कैसे होली खेलूँ रे, इण सांवरिया के संग (टेर)
कोरे-कोरे माट भराये, जामे घोले रंग
भर पिंचकारी तन पे मारी, चोली हो गई तंग ॥ मैं कैसे......
तबला बाजै सरंगी बाजै, और बाजै मृदंग
सांवरिया की बंशी बाजी, राधाजी के संग ॥ मैं कैसे......
इक तो आई राधा प्यारी, गोपियां लिन्हे संग
मीरा ग्वाल बाल सब सोहे, नंदलाल के संघ ॥ मैं कैसे......
लहंगा भिजोया साड़ी भिजोई, हुवा किनारी रंग
सूर श्याम की काली कमली, चढ़े न दूजो रंग ॥ मैं कैसे......

जैसा अनजल खाइए, तैसा ही मनहोय।
जैसा पानी पीजिए, तैसी बानी होय॥

*

SPACE Donated by

A
WELL
WISHER

भजन—२९

॥ श्री श्याम वन्दना ॥

दोहा—जै-जै बाबा श्यामजी, विनय करूँ कर जोड़ ।
भूल क्षमा कर दिज्यो, देख भक्त की ओर ॥

गरीबों के दाता हो गरचे मुरारी,
मेरी पार नैया लगानी पड़ेगी ॥
जो तूं ने करोड़ों की बिगड़ी संवारी,
मेरी पार नैया लगानी पड़ेगी ॥

गुजारा न होगा तूं गरचे खफा है
अगर तूं मेरा है तो बेशक नफा है
मैं सदियों से तेरे हूँ दर का भिखारी ॥ मेरी पार ॥

तूं भण्डार है यूं सुना है दया का
शहनशाह है तूं ही सारे जहां का
क्या तौहिन होगी दया की तुम्हारी ॥ मेरी पार ॥

जमाने के मालिक मेरी आरजु है
तुम्हीं से मेरी सांवले जस्तजु है
खता कौन काशी की सुधि क्यों बिसारी ॥ मेरी पार ॥

"सलाह तो अनेकों प्राप्त करते हैं, परन्तु उससे लाभ उठाना बुद्धिमानों को ही आता है"

नारी आवे प्रीत कर, सतगुरु परसे आन।
दरिया हित उपदेश दे, माँ बहन धी जान॥

★

भजन—३०

म्हारा कानूडा गिरधारी, खिचड़ खाले रे बनवारी,
करमां विनती कर-कर हारी, बेटी जाटा री ।।टेर।।
बापू दूजै गांव सिधायो, थारो मन्दिरियो संभलायो
सारो पूजा ढंग सिखायो, बेटी जाटारी ।।
बेटी तड़के उठ जाइये, म्हारा गिरधर न नहवाइये
पूजा करके भोग लगाइये, बेटी जाटारी ।।
मीठे पानी से नहलायो, ऊँचे आसन पर बैठायो
लम्बो केशर तिलक लगायो, बेटी जाटारी ।।
जडकर मन्दिरिये में ताली, करमां गीत गांवती चाली
ल्याई खिचडलो भर थाली, बेटी जाटारी ।।
संवारे छाछ राबड़ी ल्याऊँ, मीठी गुडरी खीर बनाऊँ
उठकर भोरां भोर जिमाऊं, बेटी जाटारी ।।
म्हारी भूल बनादूयो सारो, क्यों थे रूठ्या श्याम बिहारी
म्हाने गाल्यां पड़सी खारी, बेटी जाटारी ।।
बापू बाहर गांव से आवे, म्हान मुक्का से धमकावे
करमा आसुंडा ढलकावे, बेटी जाटारी ।।
आगे गरदन काट चढ़ाऊँ, या मैं जहर खाय मर जाऊँ
तो भी थांनै आज जिमाऊँ, बेटी जाटारी ।।
पडदो धाव लिया रो दिन्यो, मोहन खिचडलो खालिन्यो
भोला भक्तां दर्शन किन्यो, बेटी जाटारी ।।
बोल्यो ठाकुर मिट्ठो वाणी, म्हान प्यादो ठंडो पाणी
करमां थारी प्रीत पिछाणी, बेटी जाटारी ।।
पाछो गांव चोधरी आयो, करमा सारो हाल सुनायो
सुनकर घणो अचम्भो आयो, बेटी जाटारी ।।
थारो 'श्याम सागर' हरषावे, भोला भक्तां रा गुण गावे
म्हारी नैया पार लगावे, बेटी जाटारी ।।

परहित बस जिन्ह के मन माहीं।
जिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं ॥

●

भजन-३१

(तर्ज—जिन्दगी प्यार का)

श्यांम आये हैं दर पे तेरे, हमको दरसन दिखाना पड़ेगा,
भक्तों ने है पुकारा तुम्हें आज तो तुमको आना पड़ेगा ॥

तेरा सच्चा ये दरबार है, कहता सारा ये संसार है,
ये ही सुनकर के आये है हम, दास हमको बनाना पड़ेगा ॥

तेरे दर के भिखारी हैं हम, चरणों के पुजारी हैं हम,
तुम हो स्वामी हम सेवक तेरे, ये रिस्ता निभाना पड़ेगा ॥

नैया अटकी ये मजधार हैं, तेरे हाथों ही पतवार हैं,
नैया के खेवइँया तुम्हीं, पार उसको लगाना पड़ेगा ॥

विनती सुनले मेरे खाटूवाला, मन के मन्दिर में करदो उजाला,
कैसे दर्शन हम पाये तेरा, हमें इतना बताना पड़ेगा ॥

'ताराचन्द' ये ही अरजी करे, तेरे चरणों में ध्यान धरे,
भोले भाले हम भक्त तेरे, मान हमारा बढ़ाना पड़ेगा ॥

"साधारण शत्रु की भी उपेक्षा ठीक नहीं होती"

कबिरा संगत साधु की, ज्यों गन्धी के बास।
जो कुछ कन्धों दे नहीं, तौ भी बास सुबास॥

ज्यों गूंगे के सैन को गूंगा ही पहिचान।
त्यों ज्ञानी के सुक्ख को, ज्ञानी होय सो जान ॥

Amar Aanand Printers
JETPUR
SAURASHTRA

सिर जावे तो ज़ाण दो, झूठ न बोलो कोय ।
साहिल तो सुखराम कह, सांच वण में होय ॥

भजन—३२

॥ श्री श्याम वन्दना ॥

चरणों का पुजारी हूँ, चोखट को भिखारी हूँ।
जिन्दगी दांव पे रख दो, प्रभु ऐसा जुआरी हूँ॥
ये मेरी हकीकत है, चहुँ ओर मुसीबत है।
हारा हुआ प्राणी हूँ, सुन ले यदि फुरसत है।
उमरां तेरी यादों में, प्रभु क्यों न गुजारी हूँ॥
रुख नेक मिलाओ तो, दिल दिल से मिलाओ तो।
मुद्दत से जो प्यासा हूँ, दो घूंट पिलाओ तो।
तसवीरे अदा तेरी, इस दिल में उतारी हूँ॥
हर बात समझते हो, अनजान भी बनते हो।
नाराजी है क्या ऐसी, दिलदार न मनते हो।
दिवाना हूँ जिस दिन से छवि तेरी निहारी हूँ॥
तुम श्याम बहादुर के दो नयनों की ज्योति हो।
करुणा हो तेरी प्यारे, बदनाम जो होती हो।
कहने भी नहीं पाता, चाकर तो सरकारी हूँ॥

"जो मित्रता समानता में नहीं होती, वह घृणा में समाप्त होती है।"

कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय।
वोहि खाये बौराय है, यही पाये बौराय ॥

भजन—३३

निर्मोही नन्दलाल, घणो तरसावै मतना।
पुराणी यारी है रै सांवरा, भुलावै मतना ॥
निर्मोही नन्दलाल ॥

मुलक मुलक कै दूर दूर सै, नितकी जीव जलावै।
एक बरतो नीड़ै सी आकै, क्यूं ना बीन वजावै।
मेरे कालजै में आग, लगावै मतना…पुरानी ॥
निर्मोही नन्दलाल ॥

नैना बरसै, हिवडो तरसै, तूँ क्यों सुध विसराई।
वैरण नींद बड़ेरी रातां, कईयां होय समाई।
कन्हैया छीजै काया जीव नै, दुखावै मतना…पुरानी ॥
निर्मोही नन्दलाल ॥

दुनियाँ हाँसै नितकी म्हांसै, चालै आडी आडी।
तूं ही छिटका देवैगो तो, चालैगी नहीं गाडी।
मोटा सेठिया तूं, रोल मचावै मतना…पुरानी ॥
निर्मोही नन्दलाल ॥

दुःख हरता, तू पालन करता, साँचो श्याम बिहारी।
'काशीराम' चरण को चेलो, अर्ज करै गिरधारी।
थारो बालक हूँ, या प्रीत घटावै मतना…पुरानी ॥
निर्मोही नन्दलाल ॥

कीर्ति मित्र का काम करता है।

साईं अपने भ्रात को, कबहुँ न दीजै त्रास।
पलक दूर नहिं कीजिए, सदा राखिए पास ॥

★

भजन—३४

लहर-लहर लहराय रे झण्डा बजरंग बली का
बजरंग बली का झण्डा हनुमत बली का ॥ टेर ॥

इस झण्डे में क्या—२ गुण है।
सीता की खोज लगाय रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
अक्षय को मार गिराय रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
सोने की लंका जलाय रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डा में और क्या गुण है।
सागर पे शिला तिराय रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
सजीवन बूटी लाये रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
लक्ष्मण के प्राण बचाय रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
सीता को राम से मिलाये रे॥ झण्डा बजरंग॥
इस झण्डे में और क्या गुण है।
'श्याम सागर' की लाज बचाय रे॥ झण्डा बजरंग॥

जो औरों को काला करता है वह खुद को सफेद नहीं करता।

जानि सरद रितु खंजन आए।
पाई समय जिमि सुकृत सुहाए ॥

भजन—३५

(तर्ज :—ढोला ढोल मजीरा वाजे...)

थारे झाँझ नगारा बाजे रे।
सालासर के मन्दिर में हनुमान बिराजे रे॥ टेर॥

भारत राजस्थान में जी, सालासर एक धाम।
सूरज स्यामी वण्यो देवरो, महिमा अपरम्पार।
थारे लाल ध्वजा फहरावे रे, सालासर.........

नारेलां री गिनती कोनी बाबा, सुवरण छत्र अपार।
दूर देश सैं दर्शन करने, आवे नर और नारी।
थारे जात जडूला लागे रे, सालासार...............

चैत सुदी पूनम को मेलो, भीड़ लगै अति भारी।
नर-नारो तेरा दर्शन करने, आवे बारी बारी।
बाबो अटक्यो काज संवारे रे, सालासर......

रामदूत अंजनी के सुत का, धरो हमेशा ध्यान।
"चैनसिंह" चरणों का चाकर, लाज राखो हनुमान।
बाबौ बेगो पार लगावे रे, सालासर...............

जो आत्मा संयमी नहीं है वह स्वतन्त्र नहीं है।

धन चावे तो धर्म कर, रूप चावे तो शील।
मुक्ति चावे तो भजन कर, तीनों बात सुशील॥

भजन—३६

